# संत रविदास के समरसता संदेश को जन-जन तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य : डॉ. यादव

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण के संदेश को हर वर्ग तक पहुंचाना हमारा संकल्प है।

उन्होंने कहा कि समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करने के लिए संत रविदास के विचारों को जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को भोपाल के रवींद्र भवन में संत रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ किया। उन्होंने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर काशी स्थित उनकी जन्मस्थली से आए कलशों का पूजन किया और संभागीय प्रतिनिधियों को कलश वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जहां-जहां संत रविदास जी के चरण पड़े हैं, उन तीर्थ स्थलों का विकास और उन्नयन किया जाएगा। सागर में 100 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास महाराज का भव्य मंदिर और स्मारक बनाया जा रहा है।



उन्होंने संत रविदास के संदेश 'जात-पात पूछे न कोई, हरि को भजे सो हरि का होई' का उल्लेख करते हुए कहा कि संतों ने हमेशा समाज को जोड़ने और समानता का मार्ग दिखाया है। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य एवं वरिष्ठ नेता दुष्यंत गौतम ने प्रदेश स्तरीय कलश वंदन यात्रा का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद वंदे मातरम् का गायन हुआ। समारोह के अंत में अतिथियों ने कलश वितरित कर ध्वज दिखाकर कलश वंदन यात्रा को रवाना किया। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा संत रविदास के समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। प्रदेश में सात माह तक समरसता अभियान चलेगा और संत का संदेश प्रदेश के हर गांव तथा हर समाज तक पहुंचाया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं सामाजिक समरसता और समानता का मार्ग दिखाती हैं। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि संत रविदास के विचार और वाणी जन-जन तक पहुंचाना समरसता संकल्प अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। वरिष्ठ नेता दुष्यंत गौतम ने कहा कि संत रविदास जी की वाणी और सामाजिक समरसता का संदेश घर-घर पहुंचाया जाएगा।

स्वागत भाषण प्रदेश शासन के मंत्री नागर सिंह चौहान ने दिया। संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं समरसता संकल्प अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने किया।

## 341 उच्च शिक्षा संस्थानों को गुणवत्ता मानकों पर मिलेगा प्रशिक्षण

**नप्र, भोपाल :** उच्च शिक्षा संस्थानों में गुणवत्ता मूल्यांकन और प्रत्यायन प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए एसएएसी के तहत एट्रिब्यूट वाइज ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रदेश के 341 शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के आईक्यूएसी समन्वयकों और संबंधित प्रभारियों को गुणवत्ता मानकों, दस्तावेजी करण और मूल्यांकन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण की शुरुआत आज पाठ्यक्रम डिजाइन विषय के साथ हुई। इसके बाद अधोसंरचना, फैकल्टी संसाधन, वित्तीय प्रबंधन, अधिगम एवं शिक्षण, शासन-प्रशासन, विद्यार्थी परिणाम, अनुसंधान एवं नवाचार सहित अन्य विषयों पर चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## युवाओं को सामाजिक न्याय और समरसता के संस्कार देना जरूरीः राज्यपाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि युवा विकसित भारत की आधारशिला हैं। उन्हें स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाने के साथ समाज और राष्ट्र हित के प्रति जागरूक एवं समर्पित बनाना जरूरी है।



मंगलवार को लोकभवन में डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय की शासी निकाय बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को सामाजिक न्याय और समरसता के मूल्यों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने ने कहा कि शिक्षा कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण का महत्वपूर्ण माध्यम है। विश्वविद्यालय अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के शैक्षणिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए विशेष अनुसंधान और नवाचारों को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के विचारों, योगदान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों से लगातार परिचित कराया जाए।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम शुरू करने और संस्थान को उत्कृष्ट केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय स्थिति मजबूत करने के लिए पूर्व छात्रों, सामाजिक संस्थाओं और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संगठनों से सहयोग लेने की बात कही।

## मप्र प्रधानमंत्री के संकल्पों की सिद्धि में देगा योगदान

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर लिए गए संकल्पों को पूरा करने में मध्यप्रदेश पूरी क्षमता के साथ योगदान देगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बच्चों की खेल प्रतिभा पहचानने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर और स्कूलों में टैलेंट हंट अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध कराने के साथ एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल का प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले संबोधित करते हुए कहा कि नशामुक्त भारत अभियान को व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सिविल डिफेंस का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ग्रीन एनर्जी उत्पादन को 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने धार के पीएम मित्र पार्क, उज्जैन में श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं और धार्मिक स्थलों पर प्रसाद में नवाचार की योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने मंत्रियों से जन विश्वास अभियान के तहत क्षेत्रीय भ्रमण करने का आह्वान किया।

## रक्षाबंधन पर लाड़ली बहनों को 250 रुपये अतिरिक्त खाते में आएंगे 1750 रुपये

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार 19 अगस्त को मैहर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक पात्र लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 2,148 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मैहर जिले में 256 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किस्त के रूप में प्रत्येक पात्र महिला के खाते में 1,500 रुपये की नियमित सहायता राशि भेजी जाएगी। इसके साथ ही रक्षाबंधन के विशेष अवसर पर 250 रुपये की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी। इस तरह प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में कुल 1,750 रुपये की राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से पहुंचेगी। योजना के तहत जून 2023 से अगस्त 2026 तक 39 किश्तों में लाभार्थी महिलाओं के खातों में 63 हजार 248 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि पहुंचाई जा चुकी है।

## विशेषज्ञों की भर्ती जल्द पूरी करें : शुक्ल



**नप्र, भोपाल :** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थाओं में मानव संसाधन की उपलब्धता, निर्माणाधीन स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं, क्रिटिकल केयर सेवाओं, ई-एचएमआईएस पोर्टल और आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ चिकित्सकों, विशेषज्ञों, नर्सिंग और अन्य जरूरी स्टाफ की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर उपचार मिल सके।

उन्होंने जिला अस्पतालों और क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक में आवश्यक पदों की स्वीकृति के प्रस्ताव जल्द तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-एचएमआईएस पोर्टल को और प्रभावी बनाने, तकनीकी सुधार करने और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आंकड़ों के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया।

## किसानों की आय बढ़ाने पर सरकार का जोर

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष में प्रदेश सरकार कृषि के साथ पशुपालन और उद्यानिकी गतिविधियों को बढ़ावा देकर किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। किसान अब खेती के साथ पशुपालन और अन्य आयवर्धक गतिविधियों से भी लाभ अर्जित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास से गुना कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुना जिले की धनिया और गुलाब उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान है। कुंभराज धनिया को जल्द ही जीआई टैग मिलने की प्रक्रिया जारी है। प्रदेश में उद्यानिकी का रकबा 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है।






मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com